न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.7.2025	मुकदमा संख्या 20 / 2013 प्रार्थना पत्र 14(4) नाथूराम सैनी बनाम मनोरी देवी व अन्य पत्रावली पेश हुई। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थी को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थी में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। बार–बार बहस हेतु अवसर दिये जाने उपरान्त आज भी बहस हेतु अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थी के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रार्थी नाथूराम सैनी पुत्र रामधन सैनी जाति माली निवासी अरनिया तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा भूमि आवंटन आदेश दिनांक 09.4.2013 ग्राम अरनिया तहसील बसवा बहक मनोरी देवी पत्नि पूरणमल जाति माली निवासी अरनिया तहसील बसवा जिला दौसा के विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत नियम 14(4) आवंटन रूल्स अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रमाणित प्रति सहित अधीनस्थ न्यायालय का मूल रिकॉर्ड वापिस भिजवाया जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 22.7.2025 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (रामस्वरूप चौहान) अति. जिला कलक्टर ,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official